सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-under-standing-the-feel-good-hormone/

SABGURU NEWS
पो.रजि. नं. आरजे/एजे/211/2025-27
PRGI. No. RAJBIL/2023/88629
खबरों के लिए स्कैन करें

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)
मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com
सम्पादक - विजय सिंह

वर्ष 3 | अंक 21 | अजमेर, शनिवार 25 अप्रैल 2026 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

# अरणी मंथन से अग्नि प्रज्वलित, श्रीराज राजेश्वरी महालक्ष्मी यज्ञ में उमड़े श्रद्धालु





अजमेर। पुष्कर घाटी स्थित प्राचीन नौसर माता मंदिर में श्रीनवशक्ति सृजन सेवा प्रंन्यास के तत्वावधान में श्रीराज राजेश्वरी महालक्ष्मी यज्ञ शुक्रवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। इसके साथ ही अक्षय पुण्य की प्राप्ति के लिए परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लग गया। दिनभर अनुष्ठान का सिलसिला चला। शाम को सांस्कृतिक व भजन संध्या का आयोजन हुआ।यज्ञ आचार्य राजेश शास्त्री ने बताया कि नौसर माता मंदिर पीठाधीश्वर श्रीरामाकृष्ण देव के सान्निध्य में हो रहे श्रीराज राजेश्वरी महालक्ष्मी यज्ञ में यजमान के रूप में 21 वेदियों पर 42 जोडें आहुतियां दे रहें हैं। बगलामुखी अष्टमी पर सुबह करीब



8 बजे सुबह 8 बजे देव पूजन हुआ। इसके बाद दोपहर 12:15 बजे मंत्रोच्चारण के साथ अरणी मंथन से प्रज्ज्वलित अग्नि के साथ ही महायज्ञ प्रारंभ हुआ।अपराहन 3:30 बजे तक श्रीसुक्त के जरिए शाम को महालक्ष्मी जी को करीब 25 हजार आहुतियां लगाई गई। शाम 7:30 महालक्ष्मी जी की भव्य आरती में भक्तों ने भाग लिया। इस मौके पर महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 नर्मदा शंकर पुरी महाराज, महामंडलेश्वर मनमोहनदास, श्रीश्री महाराज श्री राधे राधे व डा शिव ज्योतिषानंद महाराज का सान्निध्य मिला। देर शाम ललितसंध्या में पुणे के कलाकार धवल जोशी ने बांसुरी, अमन वरखेडकर ने वायलन तथा श्रंगमित्र लिंगाडे ने तबला वादन के जरिए प्रस्तुति देकर भक्तों का मनमोह लिया।आमजन प्रतिदिन सुबह 7 बजे से लेकर रात 11 बजे तक यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर सकेंगे साथ ही इस दौरान होने वाले धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों में भाग ले सकेंगे। महायज्ञ की पूणार्हुति 26 अप्रेल को 12:15 बजे होगी। इसके बाद महाआरती दोपहर 1 बजे की जाएगी। संत अशीर्वचन के बाद भंडारे का आयोजन होगा।



## गंगा सप्तमी पर निकाली भव्य कलश यात्रा

इससे पहले गुरुवार को गंगा सप्तमी के पावन अवसर पर पुष्कर रोड स्थित बाबा रामदेव मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से सराबोर इस यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरा वातावरण मां महालक्ष्मी के जयकारों से गूंज उठा। लाल और पीले परिधान में सजी-धजी सौ से अधिक महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते श्रद्धा के साथ आगे बढ़ती नजर आईं। यात्रा के अंतिम हिस्से में सुसज्जित राजसी बग्घी में नौसर माता मंदिर के पीठाधीश्वर रामाकृष्ण देव एवं उदासीन मंगल आश्रम टोडली (अलवर) के महंत ब्रह्म मुनी महाराज विराजमान थे।भजन-कीर्तन और गाजे-बाजे के साथ निकली यह यात्रा पुष्कर रोड, नौसर घाटी और पुष्कर घाटी से होते हुए यज्ञ स्थल तक पहुंची। रास्ते में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। यज्ञ स्थल पर पहुंचकर महिलाओं ने यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर विधिवत कलश स्थापना की, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा।

# आप के सात राज्यसभा सांसद भाजपा में होंगे शामिल

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है और भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का फैसला किया है।आप के राज्य सभा सांसद राघव चड्ढा ने संदीप पाठक और अशोक मित्तल के साथ संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आप के दो-तिहाई से अधिक राज्यसभा सांसदों ने भाजपा के साथ अपने विलय को औपचारिक रूप देने के लिए संवैधानिक प्रावधानों का इस्तेमाल करने का फैसला किया है।चड्ढा ने कहा कि हमने फैसला किया है कि हम राज्यसभा में आप के दो-तिहाई सदस्य हैं, भारत के संविधान के प्रावधानों का इस्तेमाल करते हुए खुद को भाजपा में विलय कर लेंगे। आप को मैंने अपने खून-पसीने से सींचा और अपनी



जवानी के 15 साल दिए, अब अपने सिद्धांतों, मूल्यों और मूल नैतिकता से भटक गई है। अब यह पार्टी देश के हित में नहीं, बल्कि अपने निजी फायदों के लिए काम करती है।उन्होंने कहा कि वह कुछ समय से पार्टी की गतिविधियों से खुद को दूर रख रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं उनके अपराधों का हिस्सा नहीं बनना चाहता था। पिछले कुछ सालों से, मुझे लगा कि मैं गलत पार्टी में सही आदमी हूं।


आप सांसद के अनुसार आप के पास अभी राज्यसभा में 10 सांसद हैं, और दो-तिहाई से अधिक सांसदों ने विलय का समर्थन किया है। उन्होंने पुष्टि की कि सांसदों ने जरूरी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर दिए हैं, जिन्हें आज पहले राज्यसभा के सभापति को सौंप दिया गया था। उन्होंने कहा कि उनके अलावा संदीप पाठक, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, राजिंदर गुप्ता, विक्रम साहनी और स्वाति मालीवाल शामिल भाजपा में विलय करने वाले हैं।चड्ढा ने जोर देकर कहा कि हमारे पास दो विकल्प थे या तो पूरी तरह से राजनीति छोड़ देना, या सकारात्मक राजनीति के जरिए जनसेवा जारी रखना। दूसरा विकल्प चुनते हुए सांसदों ने भाजपा के साथ जुड़ने का फैसला किया।

## अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के 888 पदों की नियमित डीपीसी

जयपुर। राजस्थान में शिक्षा विभाग में नव पुनर्गठित पदों सहित वित्त वर्ष 2025-26 की रिक्तियों के विरुद्ध अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के 888 पदों की नियमित डीपीसी सम्पन्न की गई हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार विभाग में वित्त वर्ष 2025-26 की रिक्तियों के विरुद्ध सभी मण्डलों में अब सहायक प्रशासनिक अधिकारी और वरिष्ठ सहायक की नियमित डीपीसी (विभागीय पदोन्नति समिति) भी शीघ्र ही सम्पन्न होगी। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सभी नव पदोन्नति कार्मिकों को बधाई दी हैं।

# आरबीआई ने रद्द किया पेटीएम पेमेंट्स बैंक का लाइसेंस

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमों के उल्लंघन के मामले में पेटीएम पेमेंट्स बैंक का बैंकिंग लाइसेंस रद्द कर दिया है। केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 24 अप्रैल 2026 को कारोबार की समाप्ति से लाइसेंस रद्द करने का उसका




आदेश प्रभावी हो गया है।उल्लेखनीय है कि आरबीआई ने 11 मार्च 2022 से पेटीएम पेमेंट्स बैंक के नए ग्राहक बनाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद 31 जनवरी 2024 और 16 फरवरी 2024 को उसके कुछ कारोबारों को प्रतिबंधित कर दिया गया था जिसमें मौजूदा ग्राहकों से जमा, क्रेडिट या टॉपअप स्वीकार न करना भी शामिल है।इस प्रकार पिछले सवा दो साल से ग्राहक सिर्फ पेटीएम पेमेंट्स बैंक से पैसे निकाल सकते थे, उसमें जमा नहीं कर सकते थे।आरबीआई की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के पास सभी ग्राहकों को उनकी जमा राशि वापस करने के लिए पर्याप्त नकदी है। अगली प्रक्रिया के तहत वह बैंक को बंद करने के लिए हाईकोर्ट के समक्ष आवेदन करेगा।केंद्रीय बैंक के अनुसार पेटीएम पेमेंट्स बैंक का संचालन जिस प्रकार से हो रहा था वह बैंक और जमाकर्ता दोनों के लिए नुकसानदेह था और प्रबंधन का आम चरित्र जमाकताओं और आम लोगों के प्रति पूर्वाग्रह से ग्रस्त था। इसलिए उसे बैंकिंग जारी रखने देना किसी भी प्रकार से जनहित में नहीं था। इन्हीं कारणों को देखते हुए पहले बैंक पर प्रतिबंध लगाए गए थे और अब उसका बैंकिंग लाइसेंस रद्द किया गया है।

# राजस्थान में महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत वृद्धि को मंजूरी

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर गुरुवार को राज्य में महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत में दो प्रतिशत वृद्धि को मंजूरी प्रदान की गई है।आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इससे राज्य कार्मिकों एवं पेंशनर्स को महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत की वृद्धि देय होगी। अब प्रदेश में सातवें वेतनमान के अंतर्गत राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को एक जनवरी 2026 से 58 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता अथवा मंहगाई राहत देय होगी।इस निर्णय से लगभग 7.02 लाख कार्मिक एवं 5.44 लाख पेंशनर्स लाभान्वित होंगे। पंचायत समिति तथा जिला परिषद के कर्मचारियों को भी इस बढ़ोतरी का लाभ मिलेगा। कर्मचारियों को आगामी जून में देय मई 2026 के वेतन से बढ़े हुए महंगाई भत्ते का नकद भुगतान किया जाएगा तथा गत एक जनवरी से 30 अप्रैल तक चार महीनों की राशि संबंधित कर्मचारियों के सामान्य प्रावधायी निधि खाते में जमा की जाएगी।पेंशनरों को एक जनवरी से महंगाई राहत का नकद भुगतान किया जाएगा। कर्मचारियों और पेंशनरों के हित में लिए गए इस संवेदनशील निर्णय से राज्य सरकार पर लगभग 1156 करोड़ रुपए का वार्षिक वित्तीय भार आएगा।

## सम्पादकीय

### महिला आरक्षण बिल: भावनाओं का जाल- विपक्ष गिरफ्तार

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बीच केंद्र सरकार ने देश की महिलाओं को संसद व राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ वर्ष 2034 की बजाए 2029 से देने के लिए 131वां संशोधन विधेयक पारित कराने के लिए तीन दिन का विशेष सत्र बुलाया। यह संशोधन विधेयक पारित होने के लिए इसके पक्ष में दो तिहाई बहुमत चाहिए था। कांग्रेस, सपा, तृणमूल कांग्रेस व डीएमके जैसे दलों ने इस संशोधन को समर्थन नहीं दिया जिससे दो तिहाई बहुमत न मिलने के कारण यह 298 मतों के मुकाबले 230 मतों से गिर गया। लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक गिरने के बाद विपक्षी दलों ने इसको प्रधानमंत्री की हार बताते हुए मेजें थपथपाकर जश्न मनाया। लोकसभा में विधेयक पर हुई चर्चा के दौरान ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया था कि इन सभी विधेयकों में उत्तर दक्षिण से कोई भेदभाव नहीं किया गया है तथा सरकार इसका कोई क्रेडिट भी लेना नहीं चाहती। साथ ही प्रधानमंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा था कि महिला आरक्षण का विरोध करने वाले लंबे समय तक इसका खामियाजा भुगतेंगे, नंबर का खेल समय तय करेगा किंतु नारी नीयत देखेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने सदन में मतदान से पूर्व कई बार विरोधी दलों से बिल का समर्थन प्राप्त करने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से विपक्षी सांसदों से भावुक अपील भी की थी। प्रधानमंत्री के सभी प्रयासों के बाद भी राजनैतिक स्वार्थ, अहंकार व सामंतवादी मानसिकता से त्रस्त परिवारवादी राजनैतिक दलों ने यह बिल पारित नहीं होने दिए। यदि यह विधेयक पारित हो जाते तो यह सत्र भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का महत्वपूर्ण पड़ाव बन जाता।

विधेयक को दो तिहाई मत मिलने पर विरोधी दल ऐसे आनंदित हो रहे हैं जैसे उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की सरकार गिरा दी हो। वो इसे मोदी की हार कह रहे हैं और यही विरोधी दलों ने एक राजनैतिक भूल है। महिला आरक्षण बिल भाजपा के लिए ह्विचित भी मेरी - पट भी मेरीह्व वाला खेल बन गया है और पार्टी इस विषय को लेकर आक्रामक रूप से जनता में जा रही है। सदन में सभी विरोधी दलों ने परिसीमन और आरक्षण को लेकर भ्रम व झूठ का मायाजाल फैलाया। कुछ दलों ने जातीय जनगणना पर झूठ बोला और एससी-एसटी, ओबीसी, दलित आदिवासी व मुस्लिम महिलाओं के लिए अलग आरक्षण की मांग कर डाली। समाजवादी पार्टी ने दो कदम आगे जाकर 33 प्रतिशत आरक्षण के अंदर ही मुस्लिम महिलाओं के लिए पांच प्रतिशत आरक्षण की मांग करते हुए बिल को असंवैधानिक बताकर अपने मुस्लिम तुष्टिकरण के एजेंडे को आगे बढ़ाया। वास्तविकता यह है कि धर्म आधारित आरक्षण संविधान के विरुद्ध है जिसका असफल प्रयास कुछ दक्षिणी राज्यों में किया गया था जिसे सुप्रीम कोर्ट खारिज कर चुका है। वहीं यदि परिसीमन करने वाला बिल और महिला आरक्षण बिल पारित हो जाते तो जनसंख्या वृद्धि के अनुसार 2029 में महिला सांसदों की संख्या 272 हो जाती और देश के राजनैतिक परिदृश्य में एक व्यापक परिवर्तन दिखाई पड़ता। विरोधी दलों ने लोकसभा में यह विधेयक गिरा दिया है लेकिन अब यह उनके लिए, चिड़िया चुग गई खेत वाली कहावत सिद्ध करने जा रहा है। भाजपा ने इसे अपने पक्ष में बड़ा राजनैतिक हथियार बना लिया है। इस विषय को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करके अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कांग्रेस का काला चिट्ठा खोलकर विस्तारपूर्वक देशवासियों के समक्ष रखा और बताया कि किस प्रकार कांग्रेस ने सभी सुधारवादी प्रयासों का विरोध किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि परिवारवादी पार्टियों को डर है कि अगर नारी सशक्त हो गई तो इनका अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। ये कभी नही चाहेंगे कि उनके परिवार के बाहर की महिलाएं आगे बढ़ें। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारा अत्मबल अजेय है, हमारे प्रयास रुकेंगे नहीं। देश की 100 प्रतिशत नारी शक्ति आशीर्वाद हमारे साथ है और हम इस संकल्प को पूरा करके रहेंगे। बंगाल और तमिलनाडु जहां अभी विधानसभा का मतदान शेष है वहां प्रधानमंत्री मोदी व गृहमंत्री अमित शाह सहित भाजपा के सभी स्टार प्रचारक अपनी रैलियों में यह मुद्दा आक्रामक ढंग से उठा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित बीजेपी व राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्री महिला आरक्षण पर प्रेस वार्ता करके राज्यों में विपक्षी व क्षेत्रीय दलों को बेनकाब कर रहे हैं।



## भारतीय नमकीन उद्योग के दिग्गज उद्योगपति शिवरतन अग्रवाल का निधन

बीकानेर। भारतीय नमकीन उद्योग के दिग्गज उद्योगपति और देश विदेश में विख्यात बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल के संचालक शिवरतन अग्रवाल उर्फ फन्ना बाबू का चेन्नई में गुरुवार को निधन हो गया।अग्रवाल के निधन की खबर से नमकीन उद्योग जगत, व्यापारिक संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और बीकानेर सहित राजस्थान में में शोक छा गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया जाएगा।उनके निधन पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित कई जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने शोक जताया है। पूर्व मंत्री डा बीडी कल्ला, देवी सिंह भाटी ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

दिवंगत शिवरतन अग्रवाल ने बीकानेर के नमकीन व्यवसाय को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई है। वह जाने माने उद्योगपति हल्दीराम परिवार से ताल्लुक रखते थे। वर्ष 1986 में पारिवारिक बंटवारे के बाद उन्होंने अपनी अलग राह चुनी।उन्होंने शिवदीप फूड्स के नाम से अपनी कम्पनी शुरू की और कुछ ही समय में देश विदेश में उनके उत्पादों ने पहचान बना ली। उन्होंने बीकानेर के संस्थापक राव बीका के नाम पर उन्होंने अपने ब्रांड का नाम बीकाजी रखा ताकि दुनिया भर में बीकानेर की पहचान बन सके। आधिकारिक तौर पर 1993 में बीकाजी ब्रांड की नींव रखी गई, जो आज दुनिया के प्रमुख नमकीन ब्रांड्स में से एक है।

शिक्षा के क्षेत्र में केवल आठवीं पास होने के बावजूद शिवरतन अग्रवाल की सोच आधुनिक थी। उस दौर में भुजिया केवल हाथों से बनाई जाती थी। श्री अग्रवाल ने विदेशों की यात्रा की और भुजिया बनाने की तकनीक को मशीनीकृत करने का साहस दिखाया।

बीकाजी भारत का पहला ऐसा ब्रांड बना जिसने मशीन से भुजिया का उत्पादन शुरू किया। इस नवाचार ने न केवल उत्पादन की क्षमता बढ़ी, बल्कि गुणवत्ता के अंतरराष्ट्रीय मानकों को भी पूरा किया। वर्तमान में बीकाजी के उत्पाद भुजिया, पापड़, मिठाई और नमकीन दुनिया के 50 से अधिक देशों में निर्यात किए जाते हैं।अग्रवाल ने एक छोटे से शहर की नमकीन को वैश्विक पहचान दिलाई। उनके निधन को व्यापारिक जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। उनके पीछे भरा-पूरा परिवार और एक विशाल खाद्य साम्राज्य है,जो भारतीय स्वाद की विरासत को आगे बढ़ा रहा है। बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल की ओर से व्यापारियों से शुक्रवार को आधे दिन अपने प्रतिष्ठान एवं औद्योगिक क्षेत्र बंद रखने की आग्रह किया गया है।

## तमिलनाडु विधानसभा चुनाव : 84.80 प्रतिशत मतदान



चेन्नई। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में गुरुवार शाम छह बजे तक 84.80 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले, जो अपने आप में रिकॉर्ड तोड़ मतदान है। मतदान प्रतिशत दर्शाता है कि मतदाताओं ने वोटिंग को लेकर खासे उत्साह का प्रदर्शन किया।

तमिलनाडु में एक ही चरण में चुनाव कराया गया है। राज्य की सभी 234 सीटों के लिए मतदान गुरुवार सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम छह बजे तक चला। शाम छह बजे तक मतदान केन्द्र के प्रवेश करने वाले मतदाता मतदान कर रहे हैं। भीषण गर्मी के बावजूद सभी मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदाता कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिए। जिससे मतदाताओं का उत्साह देखते ही बनता है।राज्य के करूर जिले में शुरुआती शाम पांच बजे तक सबसे अधिक 92.38 प्रतिशत और कन्याकुमारी जिले में सबसे कम 75.56 प्रतिशत मतदान हुआ। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में 83.36 प्रतिशत मतदान हुआ और इसके अलावा अरियालूर जिले में 85.96 प्रतिशत, चेंगलपट्टू में 84.60, कोयम्बटूर में 84.54, कुड्डालोर में 84.85, धर्मपुरी में 90.00, डिंडिगुल में 88.51, ईरोड में 89.95, कल्लाकुरीचि में 87.50, कांचीपुरम में 87.05, कृष्णागिरि में 84.91, मदुरई में 80.41, मायिलादुथुराई में 81.60 प्रतिशत मतदान हुआ।इसके अलावा नागापट्टिनम में 85.71, नामक्कल में 87.63, पेरेम्बलूर में 85.38, पुड्डुकोटटई 83.68, रामनाथपुरम में 76.55, रानीपेट में 89.13, सलेम में 90.43, शिवगंगा में 76.33, तेनकासी में 82.02, थंजावूर में 80.26, नीलगिरी में 78.70, थेनी में 71.17, तिरुवल्लूर में 83.43, थिरुवल्लूर में 83.33, थूथूकुडी में 77.56, तिरुचिरापल्ली में 85.38, तिरुनेलवेली 77.70, तिरुपथूर में 88.36, तिरुप्पुर में 88.41, तिरुवान्नामलाई 88.50, वेल्लोर में 88.30, विलुप्पुरम में 88.25 और विरुधनगर में 84.53 प्रतिशत मतदान हुआ।

राज्य में कुल 4,023 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, जिनमें 443 महिला उम्मीदवार हैं। राज्य में 5.67 करोड़ मतदाताओं में से 2.70 करोड़ से अधिक पुरुष, 2.89 करोड़ महिलाएं और 7,728 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। राज्य में 18-19 आयु वर्ग में कुल 12.51 लाख तथा 20-29 आयु वर्ग में 1.05 करोड़ मतदाता हैं। मतदान के बाद, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को सील कर मतगणना केंद्रों के 'स्ट्रॉन्ग रूम' में रखा जाएगा, जहां 24 घंटे सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे।तमिलनाडु में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ द्रविड़ मनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन और अन्नाद्रमुक-भारतीय जनता पार्टी गठबंधन के बीच है। इस बार अभिनय की दुनिया से राजनीति के अखाड़े में उतरे अभिनेता सी जोसफ विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) ने कुछ सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है।

## परिवेदनाओं में लापरवाही बरतने पर कार्मिक को निलंबित करने के निर्देश

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने परिवेदनाओं में लापरवाही बरतने पर कार्मिकों को निलंबित करने एवं नोटिस देने तथा एक प्रकरण में जांच करने के निर्देश दिए हैं।शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राज उन्नति की चौथी बैठक में यह निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जनसेवा को सर्वोपरि मानते हुए अधिकारी सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें। आमजन अधिकारी के पास अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिए बड़ी उम्मीद से आते हैं। ऐसे में अधिकारी नियमित जनसुनवाई कर जनता को राहत दें।बैठक में मुख्यमंत्री ने बालोतरा के विमलेश पटेल की पोषाहार वितरण में गलत खाते में भुगतान के प्रकरण में लापरवाही बरतने पर कार्मिक पर 16सीसीए का नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। एक अन्य प्रकरण में मुख्यमंत्री ने डूंगरपुर के शांतिलाल कटारा की दिवंगत माता की जीएसएलआई बीमा राशि का भुगतान नहीं होने पर भी संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) को निलंबित करने के निर्देश दिए। शर्मा ने अजमेर के बाबूलाल बैरवा द्वारा कृषि यंत्र सब्सिडी आवंटन संबंधी प्रकरण में भी अधिकारियों को लापरवाह कार्मिक पर एफआईआर दर्ज करने के लिए निर्देशित किया। बाड़मेर के धन्नाराम के कृषि आदान-अनुदान का भुगतान समय पर नहीं होने के प्रकरण में मुख्यमंत्री ने अनियमितताओं पर कलक्टर को जांच के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को कृषि एवं आपदा विभाग की ओर से जारी देय फसल मुआवजे की सही जानकारी किसानों को देने के निर्देश दिए।

### राजस्थान बार काउंसिल चुनाव : 4 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान 4 मई को

जयपुर। राजस्थान बार काउंसिल चुनाव के दौरान सामने आई अनियमितताओं के चलते चार मतदान केंद्रों पर चुनाव प्रक्रिया रद्द कर दी गई थी और अब इन केंद्रों पर चार मई को पुनः मतदान कराया जाएगा।चुनाव के दौरान कुछ स्थानों से फर्जी मतदान और अव्यवस्था की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए चुनाव अधिकारियों ने संबंधित चार पोलिंग बूथों पर मतदान निरस्त करने का निर्णय लिया।अधिकारियों के अनुसार, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए पुनर्मतदान आवश्यक माना गया है। इसके लिए सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी रखी जाएगी। बार काउंसिल के इन चुनावों को लेकर अधिवक्ताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है, वहीं पुनर्मतदान की घोषणा के बाद संबंधित क्षेत्रों में गतिविधियां तेज हो गई हैं।

## ओम माथुर ने पाली के तख्तगढ़ में सौ फीट ऊंचे तिरंगे का किया अनावरण

पाली। सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने गुरुवार को पाली जिले के सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के तख्तगढ़ गांव के नेहरू रोड चौराहे पर सौ फीट ऊंचे तिरंगे का अनावरण किया।इस अवसर पर माथुर ने नगरपालिका के माध्यम से 351.83 लाख रुपए की लागत से बनने वाली पानी की टंकी सहित कई अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण रिमोट बटन दबाकर किया। इससे पहले संयुक्त रूप से तिरंगा ध्वज फहराकर राष्ट्र के प्रति सम्मान और एकता का संदेश दिया गया। इस दौरान क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था के लिए निमार्णाधीन नाले का निरीक्षण भी किया गया।कार्यक्रम में माथुर एवं राज्य के पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्म निर्भर निधि योजना के तहत कुल 10 लाभार्थियों को 50-50 हजार रुपए के चैक वितरित किए।इस अवसर पर माथुर ने कहा कि तिरंगा हमारे राष्ट्र की आन, बान और शान का प्रतीक है। इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने तख्तगढ़ नगर पालिका के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया। साथ ही, उन्होंने सिक्किम राज्य की भौगोलिक एवं प्राकृतिक सुंदरता के बारे में भी बताया।कुमावत ने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश के विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक और राष्ट्रीय मूल्यों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नगरपालिका तख्तगढ़ के विशाल 100 फीट का तिरंगा क्षेत्रवासियों में एकता और देशप्रेम की भावना को और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि तख्तगढ़ ग्राम पंचायत के गांव खेड़ावास में टंकी के निर्माण से क्षेत्र में पानी की समस्या का निवारण हो पाएगा।



# 'रामराज्य' निर्माण के लिए मंदिरों में सामूहिक प्रार्थना एवं प्रतिज्ञा का आयोजन

जयपुर। अयोध्या में प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर के निर्माण के पश्चात, अब देश में आदर्श रामराज्य की व्यवस्था स्थापित करने के संकल्प के साथ सनातन संस्था द्वारा रामराज्य निर्माण अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया।जयपुर के प्राचीन मां वैष्णव देवी मंदिर एवं सिद्ध श्री काले हनुमान मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्था के साधकों और श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से रामराज्य की शीघ्र स्थापना के लिए भगवान के चरणों में मनौती मांगी। यह अभियान सनातन संस्था के संस्थापक सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. जयंत बालाजी आठवले जी के 84वें जन्मोत्सव (अमृत महोत्सव) के पावन अवसर पर शुरू किया गया है।

साधकों ने ली धर्म-संस्थापन की प्रतिज्ञाः-इस अवसर पर उपस्थित भक्तों ने हनुमान जी के समक्ष यह प्रतिज्ञा ली कि वे समाज में न्याय, आचार और शिक्षा व्यवस्था को रामराज्य के आदर्शों के अनुरूप ढालने के लिए आध्यात्मिक और सामाजिक स्तर पर निरंतर प्रयास करेंगे। संकल्प के दौरान यह दृढ़ निश्चय किया गया कि हिन्दू मंदिरों, गौमाता और पवित्र वैदिक ग्रंथों के संरक्षण हेतु समाज को जागृत किया जाएगा।

आध्यात्मिक शक्ति से होगा राष्ट्र उत्थानः-कार्यक्रम में बताया गया कि सनातन संस्था का उद्देश्य व्यक्ति में सात्विकता बढ़ाकर राष्ट्र में धर्म आधारित आदर्श शासन व्यवस्था यानी 'रामराज्य' साकार करना है। उपस्थित जनसमूह ने हिन्दू त्योहारों को शास्त्रोक्त पद्धति से मनाने और धर्म शिक्षा के प्रसार का संकल्प भी दोहराया। इस आयोजन में शुभ्रा भार्गव, अंशू हर्ष, अंजू पुरोहित, आनंद जाखोटिया, बागेश्वर शर्मा, आशा शर्मा, दुर्गेश नंदिनी, मीनू चौधरी, सीमा, मुकेश शर्मा सहित सनातन संस्था के अनेक साधक और स्थानीय श्रद्धालु भारी संख्या में सम्मिलित हुए।

# राजस्थान हाईकोर्ट ने आईएएस आरती डोगरा के खिलाफ जांच पर रोक लगाई



जयपुर। राजस्थान में राजस्थान उच्च न्यायालय ने वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी आरती डोगरा के खिलाफ प्रस्तावित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) जांच पर रोक लगा दी है।खंडपीठ ने शुक्रवार को एकलपीठ के उस आदेश को पलट दिया, जिसमें जांच के निर्देश दिए गए थे। खंडपीठ ने इस मामले में सभी संबंधित कार्रवाईयों पर फिलहाल स्थगन आदेश जारी किया है, जिससे डोगरा को बड़ी राहत मिली है। यह आदेश एकलपीठ के फैसले के करीब 24 घंटे के भीतर ही बदल दिया गया।दरअसल, इससे पहले उच्च न्यायालय की एकलपीठ ने डिस्कॉम से जुड़े एक मामले में सुनवाई करते हुए आरती डोगरा के खिलाफ एसीबी जांच के आदेश दिए थे। अदालत ने टिप्पणी की थी कि एक मामले में निर्णय लेने में देरी और प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी से भ्रष्टाचार की आशंका पैदा होती है।याचिका में आरोप लगाया गया था कि विभागीय पदोन्नति (डीपीसी) और रोस्टर से जुड़े मामलों में नियमों का पालन नहीं किया गया। इस पर न्यायालय ने एसीबी को जांच करके रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था।खंडपीठ ने हालांकि एकलपीठ के आदेश पर रोक लगाते हुए मामले की आगे की सुनवाई तक यथास्थिति बनाए रखने को कहा है। आरती डोगरा वर्तमान में डिस्कॉम की अध्यक्ष एवं मुख्य प्रबंध निदेशक हैं और राजस्थान कैडर की 2006 बैच की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं।

# चूरू में बोलेरो-डंपर की भिड़ंत में 3 युवकों की जलकर मौत, 5 झुलसे

चूरू। राजस्थान में चूरू जिले के हमीरवास थाना क्षेत्र में गुरुवार रात को डम्पर और बोलेरो की भिडंत के बाद बोलेरो में लगी आग से तीन युवकों की जलकर मौत हो गई जबकि अन्य 5 गंभीर रूप से झुलस गए।

पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि बोलेरो सवार परिवार के लोग शादी समारोह में शामिल होने के लिये सिद्धमुख से पिलानी जा रहे थे, जबकि डंपर राजगढ़ की ओर जा रहा था। रात करीब 10 बजे सादुलपुर-पिलानी रोड पर थिरपाली टोल प्लाजा के पास दोनों वाहन आमने-सामने टकरा गए। इससे बोलेरो में आग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि तीन युवकों की जलकर मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि बोलेरो में सवार पंकज (20), कमल (22), आनंद (20), विकास (24) और आशीष गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें किसी तरह से बोलेरो से लोगों ने निकाला। हादसे के बाद घायलों को सबसे पहले पिलानी के बिरला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर देखते हुए तुरंत जयपुर भेज दिया गया।सूत्रों ने बताया भिड़ंत के बाद बोलेरो तुरंत आग की चपेट में आ गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के लोग भी मदद के लिए नहीं पहुंच सके। सड़क पर लंबा जाम लग गया, जिसे आग बुझने के बाद ही खोला जा सका। मृतकों की अभी शिनाख्त नहीं हुई है। शव इतनी बुरी तरह जल गए हैं कि डीएनए जांच के बाद ही उनकी शिनाख्त हो पाएगी।

# अमरीकी नौसेना प्रमुख जॉन फेलन ने त्यागपत्र दिया : युद्ध विभाग



वाशिंगटन। अमरीकी नौसेना प्रमुख जॉन फेलन ने त्यागपत्र दे दिया है। इसकी जानकारी अमरीका के युद्ध विभाग ने दी। विभाग ने बुधवार को एक बयान में कहा कि नौसेना प्रमुख जॉन सी फेलन तत्काल प्रभाव से पद छोड़ रहे हैं। बयान में कहा गया है कि उप प्रमुख हंग काओ नौसेना के कार्यवाहक प्रमुख के रूप में सेवा देंगे।एक्सियोस समाचार पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार फेलन की विदाई कई लोगों के लिए आश्चर्यजनक रही। उनके संबंध युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ के साथ ठीक नहीं थे, लेकिन कथित तौर पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनके संबंध अच्छे थे।समाचार पोर्टल ने एक सूत्र के हवाले से कहा कि फेलन यह नहीं समझ पाए कि वह सर्वोच्च अधिकारी नहीं थे। उनका काम दिए गए आदेशों का पालन करना है, न कि उन आदेशों का पालन करना जो उनके अनुसार दिए जाने चाहिए।फेलन ने मंगलवार को नौसेना के भविष्य और गोल्डन फ्लीट पहल सहित इसके प्रमुख निवेशों पर चर्चा करने के लिए संवाददाताओं से बात की थी। फेलन का त्यागपत्र एक महत्वपूर्ण मोड़ पर आया है।अमरीकी नौसेना ने 13 अप्रैल को हॉर्मुज जलडमरूमध्य के दोनों ओर ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश करने और बाहर निकलने वाले सभी समुद्री यातायात की घेराबंदी शुरू कर दी है। दुनिया के तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और तरल प्राकृतिक गैस की आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा हॉर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है।अमरीका का कहना है कि गैर-ईरानी जहाज हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिये स्वतंत्र हैं, जब तक कि वे तेहरान को मार्ग कर नहीं देते। ईरानी अधिकारियों ने मार्ग कर लगाने की घोषणा नहीं की है, लेकिन ऐसी योजनाओं पर चर्चा की है।अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरानी बंदरगाहों की अमरीकी घेराबंदी को एक जबरदस्त सफलता बताया है और कहा है कि वाशिंगटन तब तक हॉर्मुज जलडमरूमध्य को नहीं खोलेगा, जब तक कि उसके पास अंतिम समझौता न हो।

# जयपुर में एआई से फर्जी वीडियो वायरल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को दबोचा

जयपुर। राजस्थान में जयपुर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आई) की मदद से फर्जी समाचार वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के एक गंभीर मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है।ज्योति नगर थाना पुलिस ने इस मामले में गिरफ्तार सोहाना, पंजाब निवासी अमृता धूमाल को अदालत में पेश किया, जहां जज श्रृंगिका जाजू ने उसे 24 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेजने के आदेश दिए। इस मामले में पहले से गिरफ्तार भोपाल निवासी बिलाल खान, इमाम अहमद और निखिल प्रजापत भी 25 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में हैं। पुलिस के अनुसार इस मामले में अभय तिवारी सहित अन्य संदिग्धों के खिलाफ जांच अभी जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मामला 18 अप्रैल को सामने आया था, जब रिपोर्टर सत्यनारायण शर्मा ने ज्योति नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि आरोपियों ने समाचार चैनल के लोगो, एंकर और बैकग्राउंड का दुरुपयोग करके एक वीडियो क्लिप को एडिट करके फर्जी खबर तैयार की और उसे सोशल मीडिया पर वायरल किया।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि डिजिटल तकनीक और एआई के दुरुपयोग से फैल रही फर्जी खबरों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है और मामले में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# स्कूली छात्रा को अगवा कर गैंगरेप, ग्रामीणों ने आरोपियों का वाहन फूंका




अलवर। राजस्थान में अलवर जिले के रैणी थाना क्षेत्र में एक गांव की 15 वर्षीय छात्रा को स्कूल जाने के दौरान अगवा कर उससे सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार दुष्कर्म के बाद छात्रा को छोड़ने आये आरोपियों को गुस्साए ग्रामीणों ने घेर लिया। इस पर आरोपी युवक चौपहिया वाहन बोलेरो वाहन छोड़कर भाग गये जिसे ग्रामीणों ने आग के हवाले कर दिया।

पुलिस में दर्ज मामले के अनुसार 15 वर्षीय छात्रा सरकारी स्कूल में पढ़ती है। वह गुरुवार को सुबह आठ बजे स्कूल पैदल जा रही थी तो रास्ते में एक बोलेरो गाड़ी आई और उसे जबरन गाड़ी में खींच लिया। जिसमें दो लड़के थे। वे उसे अज्ञात स्थान पर एक कमरे में ले गए और वहां तीन युवकों ने उससे दुष्कर्म किया।पुलिस ने बताया कि उन्होंने उसकी आपत्तिजनक फोटो एवं वीडियो बनाकर धमकी दी। बाद में वे उसे बोलेरो में बिठाकर दोपहर एक बजे जहां से उठाया था, वहीं उसे छोड़ने आए तो ग्रामीणों ने उनको घेर लिया, लेकिन वे जान बचाकर भाग गए।

ग्रामीणों ने उनकी गाड़ी को आग के हवाले कर दिया।पुलिस ने मामला दर्ज करके पीड़िता के न्यायालय में बयान दर्ज करवा दिए हैं। मामले की जांच राजगढ़ की पुलिस उपाधीक्षक मनीषा मीना कर रही हैं। उधर, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि इस मामले में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। एक आरोपी को हिरासत में लिया है। छात्रा का मेडिकल करा दिया है।

# Ration Card Name Check Online 2026: New List & e-KYC Deadlines Announced




The Department of Food and Public Distribution has introduced critical updates for Ration Card holders in 2026. With the central government focusing on transparency through the "One Nation One Ration Card" (ONORC) scheme, several states have issued final deadlines for Aadhaar e-KYC to ensure that only eligible beneficiaries receive subsidized food grains. Urgent Update: e-KYC Deadlines 2026Missing the e-KYC deadline could lead to the removal of member names or the total cancellation of your ration card.  Bihar: The state government has extended the e-KYC deadline to April 30, 2026.Karnataka (Mysuru & other districts): Beneficiaries have been given until June 30, 2026, to complete biometric authentication. General Rule: If your name appears in the online list but your status is "Inactive," visit your nearest Fair Price Shop(FPS) immediately with your Aadhaar card.How to Perform a Ration Card Name Check Online (State-Wise)The process for verifying your name in the 2026 beneficiary list has been streamlined across the National Food Security Act (NFSA) portals.

Method 1: Using the NFSA National Portal

Visit the official NFSA Portal.Navigate to the "Ration Card" menu and select "Ration Card Details On State Portals."Choose your State (e.g., Uttar Pradesh, West Bengal, Maharashtra).Select your District, then your Block/Tehsil, and finally your Gram Panchayat or Ward.View the complete list of FPS dealers. Click on the dealer name to see the list of all cardholders.Search for your name or Ration

# वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ खुले भगवान श्री बदरीनाथ के कपाट



उत्तराखंड। श्री बदरीनाथ धाम उत्तराखंड में भगवान श्री बदरीनाथ के कपाट गुरुवार सुबह, छह बजकर 15 मिनट पर विधिविधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ग्रीष्मकाल के लिए श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए।इस पावन अवसर पर देश-विदेश से पहुंचे लगभग 15 हजार श्रद्धालुओं ने भगवान बदरी विशाल एवं अखंड ज्योति के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कपाट खुलते ही पूरा बद्रीनाथ धाम भक्ति और श्रद्धा के भाव से सराबोर हो उठा।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कपाट उद्घाटन के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से पहली महाभिषेक पूजा संपन्न कर देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर स्थित लक्ष्मी मंदिर, गणेश मंदिर तथा आदि गुरु शंकराचार्य गद्दी सहित अन्य मंदिरों में विधिवत पूजा-अर्चना की।मुख्यमंत्री ने धाम पहुंचे तीर्थयात्रियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए यात्रा व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और बेहतर अनुभव सुनिश्चित करने को हर स्तर पर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया गया है।उन्होंने देश विदेश से आने वाले सभी श्रद्धालुओं से हरित एवं स्वच्छ चारधाम यात्रा में सहयोग करने का आह्वान करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के शुभारंभ के साथ ही बद्रीनाथ धाम में आस्था, परंपरा और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला, जो श्रद्धालुओं के लिए एक दिव्य और यादगार अनुभव बनेगा।कपाट खुलने के इस ऐतिहासिक अवसर पर माणा एवं बामणी गांव की महिलाओं ने पारंपरिक जागरों के साथ मंदिर प्रांगण में झुमैलो नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे संपूर्ण वातावरण लोक संस्कृति और आस्था के रंग में रंग गया। वहीं देश के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालुओं ने भी भजन-कीर्तन कर अपनी श्रद्धा अर्पित की।मुख्यमंत्री धामी ने धाम में संचालित भंडारे का रिबन काटकर शुभारंभ किया तथा श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने भंडारा संचालकों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और मानव सेवा ईश्वर सेवा उत्थान समिति द्वारा संचालित विशाल भंडारे की सराहना की।इस अवसर पर जिलाधिकारी गौरव कुमार, पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार, बीकेटीसी के सीईओ विशाल मिश्रा, उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती, रावल अमरनाथ नंबूदरी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गिरीश चौहान, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, नायब रावल सूर्यराग नंबूदरी, धर्माधिकारी स्वयंबर सेमवाल, वेदपाठी रविंद्र भट्ट, आचार्य वाणी विलास डिमरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग तेज, विपक्ष के 73 सांसदों ने दिया प्रस्ताव नोटिस



नई दिल्ली। विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग को लेकर एक बार फिर राज्यसभा में औपचारिक पहल की है।विपक्ष के 73 सांसदों ने राज्यसभा के महासचिव को प्रस्ताव (रेजोल्यूशन) का नोटिस सौंपा है, जिसमें भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग की गई है। यह नोटिस कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश और तृणमूल कांग्रेस की सांसद सागरिका घोष ने प्रस्तुत किया है। फिलहाल यह प्रस्ताव केवल राज्यसभा में ही दाखिल किया गया है।रमेश ने जानकारी देते हुए कहा कि इस प्रस्ताव में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ कुल 9 गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिन्हें विस्तार से दस्तावेजित किया गया है। उनके अनुसार ये आरोप 15 मार्च 2026 के बाद किए गए कार्यों और चूकों से जुड़े हैं, जिन्हें संविधान के अनुच्छेद 324(5) और अनुच्छेद 124(4) के तहत सिद्ध कदाचार माना जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रस्ताव मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 तथा न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के प्रावधानों के तहत लाया गया है।रमेश ने मुख्य चुनाव आयुक्त के पद पर बने रहने को संविधान पर हमला बताते हुए कहा कि यह स्थिति लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त सरकार के दबाव में काम कर रहे हैं, जो बेहद चिंताजनक है। अब इस नोटिस पर आगे की कार्रवाई राज्यसभा के सभापति के निर्णय पर निर्भर करेगी, जो तय करेंगे कि इस प्रस्ताव को स्वीकार किया जाए या नहीं।

## मानव एकता दिवस पर निरंकारी भक्तों ने किया रक्तदान

### देशभर में 40,000 यूनिट रक्त संग्रहित

अजमेर। जब हृदय में करुणा, प्रेम और एकत्व की दिव्य चेतना जागृत होती है, तब मानव अपने सीमित स्वार्थों से ऊपर उठकर सम्पूर्ण सृष्टि के कल्याण का सशक्त माध्यम बन जाता है। परोपकार, करुणा और परमार्थ जैसे अलौकिक मूल्यों से प्रकाशमान यह पावन अवसर उस दिव्य अनुभूति का प्रतीक बना, जहां मानव को मानव हो प्यारा, एक-दूजे का बने सहारा का संदेश केवल शब्दों तक सीमित न रहकर हृदयों में जीवंत हुआ।मानव एकता दिवस पर बाबा गुरबचन सिंह जी की दिव्य स्मृति में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से संत निरंकारी मिशन की स्थानीय ईकाई की ओर से शुक्रवार को चामुण्डा चौराहा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित कर 140 रक्त युनिट रक्त संग्रहित किया गया।जेएलएन व जनाना चिकित्सालय के ब्लडबैंक के अनुभवी चिकित्सकों एवं उनकी टीम ने रक्तदाताओं की समुचित स्वास्थ्य जांच के उपरांत रक्तदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराई। संत निरंकारी मण्डल अजमेर के इंचार्ज सुशील टांक ने बताया कि देशभर में करीब 200 स्थानों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन कर लगभग 40,000 यूनिट रक्त संकलित किया गया।

युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी की स्मृति में यह दिवस वर्षभर चलने वाली सेवा-सरिता का शुभारंभ है, जिसके अंतर्गत करीब 705 स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे।



रक्तदान की यह परंपरा विगत चार दशकों से निरंतर जारी है। अब तक 9,174 रक्तदान शिविरों के माध्यम से लगभग 15,00,230 यूनिट रक्त संकलित किया जा चुका है, जो मानव सेवा के प्रति निरंकारी मिशन की प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है।युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी ने सत्य, सरलता और सद्भावना का मार्ग दिखाते हुए युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने और ऊर्जा को समाजसेवा में लगाने की प्रेरणा दी। बाबा हरदेव सिंह जी ने रक्त नाड़ियों में बहे, नालियों में नहीं का संदेश देकर सेवा को जीवन का अनिवार्य अंग बनाया,जिसे सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज निरंतर आगे बढा रही हैं।

**समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-**

मो. +91 9887907277, 7737385114

Email ID sabgurunews@gmail.com

अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.

जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

## राजस्व मंडल में राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को

अजमेर। आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक राजस्व प्रकरणों का समझाइश के आधार पर निस्तारण करने के लिए राजस्व मंडल स्तर पर प्री काउंसलिंग बेंच का गठन किया गया है। प्री काउंसलिंग कार्य 27 व 28 अप्रैल को राजस्व मंडल परिसर में होगा। राजस्व मंडल के अतिरिक्त निबंधक (न्याय) हेमंत स्वरूप माथुर ने बताया कि इस प्री काउंसलिंग बेंच के लिए सेवानिवृत्त आरएएस अधिकारी सुरेश कुमार सिंधी को विधिक सेवा प्राधिकरण के स्तर से काउंसलर नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार प्री काउंसलिंग बेंच में राजस्व मंडल से रीडर बिशन सिंह राठौड़ व सहायक रीडर पदम प्रजापति अमर सिंह मीना, विक्रम पुरोहित तथा रामकेश गुर्जर को प्री काउंसलिंग कार्य होने तक सहयोगी के रूप में लगाया गया है।

## किशोरी से रेप के दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

अलवर। राजस्थान में अलवर की यौन अपराध बाल संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम मामलों की अदालत ने एक किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपी को गुरुवार को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई।विशिष्ट न्यायाधीश जगेंद्र अग्रवाल ने अभियुक्त राममुरारी उर्फ लाला को किशोरी से दुष्कर्म करने का दोषी मानते हुए उस पर 30 हजार रुपए का जुमार्ना भी किया।मामले के अनुसार बगड़ थाना क्षेत्र में जून 2024 में अभियुक्त राममुरारी ने किशोरी से दुष्कर्म किया। उसका अश्लील वीडियो बनाकर उससे नकदी और सोने के आभूषण भी लिए।

## बयाना में खेत में करंट लगने से महिला की मौत

भरतपुर। राजस्थान में भरतपुर जिले के बयाना के कोतवाली थाना क्षेत्र में गुरुवार को खेत में सिंचाई करने गई एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि विसखोरी गांव में रमीला (48) ने खेत में चरी की फसल को पानी देने के लिए बोरवेल के स्टार्टर का बटन दबाया तभी वह बिजली की चपेट में आकर अचेत हो गई। परिजन उसे लेकर बयाना उप जिला अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्ट मार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)